नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 13

No. of Printed Pages — 7

**S—96—Hindi (D & D)**

# माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2015

## हिन्दी

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5. प्रश्न संख्या 2, 4, 6, 8, 9 तथा 12 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

**खण्ड - क**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सदाचार का शिष्टाचार से घनिष्ठ सम्बन्ध है। सदाचार सौजन्य की पूँजी है। सदाचार के बिना मनुष्य का जीवन निराधार होता है। शिष्टाचार बिना सदाचारी पुरुष भी जीवन के माधुर्य से वंचित हो जाता है। प्राचीन देशों में शिष्टाचार को उच्च स्थान दिया है। चीन में प्राचीन काल से शिष्टाचार के बड़े उच्च कोटि के नियम रहे हैं और उन्हीं के अनुसार बर्ताव होता रहा है। हमारे देश में भी सदैव पारस्परिक व्यवहार में स्नेह सद्भाव की झलक दिखती रही है; दूसरों की भावनाओं का ध्यान रखना और यथा संभव ऐसी बात न कहना जिससे दूसरे को ठेस पहुँचे यह नियम हमारे समाज में सदा व्याप्त रहा है।

क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

ख) सदाचारी मनुष्य किसके अभाव में जीवन माधुर्य से वंचित हो जाता है ? 2

ग) हमारे देश में पारस्परिक व्यवहार में किसकी झलक मिलती है ? 2

घ) चीन व भारत में शिष्टाचार को स्थान दिया है

(अ) मध्यम (ब) उच्च

(स) निम्न (द) कनिष्ठ। 1

ङ) सदाचार किसकी पूँजी है ?

(अ) सौजन्य की (ब) व्यवहार की

(स) उपेक्षा की (द) विनम्रता की। 1

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उठे राष्ट्र तेरे कन्धों पर
बढ़े प्रगति के प्रांगण में,
पृथ्वी को रख दिया उठाकर
तूने नभ के आँगन में
तेरे प्राणों के ज्वारों पर
लहराते हैं देश सभी
चाहे जिसे इधर कर दे तू
चाहे जिसे उधर क्षण में !
विजय वैजयन्ती फहरी जो
जग के कौने-कौने में।

क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

ख) किसने उठाकर पृथ्वी को नभ के आँगन में रख दिया ? $1\frac{1}{2}$

ग) किसकी शक्ति से राष्ट्र लहराते हैं ? $1\frac{1}{2}$

घ) उपर्युक्त काव्यांश में किसकी शक्ति को स्वीकार नहीं किया गया ?

(अ) युवाओं (ब) तरुणों

(स) नेताओं (द) जवानों। 1

ङ) युवाओं के द्वारा कौने-कौने में फहरी है

(अ) ज्वाला (ब) विजय वैजयन्ती

(स) सौन्दर्य (द) कोमलता। 1

अथवा

अहा, कौन यह वीर बाल निर्भीक है
कहो भला भारतवासी ! हो जानते
यही 'भरत' वह बालक है, जिस नाम से 'भारत'
संज्ञा पड़ी इसी वर भूमि की
कश्यप के गुरुकुल में शिक्षित हो रहा
आश्रम में पलकर कानन में घूमकर
निज माता की गोद मोद भरता रहा
जो पति से भी बिछुड़ रही दुर्दैववश
जंगल के शिशुसिंह सभी सहचर रहे
रहा घूमता हो निर्भीक प्रवीर यह

क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 2

ख) 'भारत' का नाम किसके नाम पर पड़ा ? $1\frac{1}{2}$

ग) पति से कौन बिछुड़ गई थी ? $1\frac{1}{2}$

घ) शिशु के सहचर कौन थे ? 1

ङ) 'भारत' किसके गुरुकुल में शिक्षित हो रहा था ? 1

**खण्ड - ख**

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 15 पंक्तियों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) राजस्थान में मनाये जाने वाले व्योहार

(i) त्योहार का अर्थ

(ii) राजस्थान में मनाये जाने वाले त्योंहारों के नाम

(iii) त्योहार कैसे मनाते हैं
(iv) किस माह में त्योहार मनाया जाता है
(v) त्योहारों से लाभ।

(ख) विद्यार्थी जीवन
(i) विद्यार्थी का अर्थ
(ii) विद्यार्थी जीवन कैसा होना चाहिए
(iii) अध्ययन व खेल के प्रति रुचि
(iv) अच्छे विद्यार्थी के गुण
(v) उपसंहार।

(ग) विद्यालय में मेरा प्रथम दिन
(i) विद्यालय प्रवेश
(ii) अध्यापक से बातचीत
(iii) साथियों से व्यवहार
(iv) खेल-कूद
(v) प्रथम दिन का प्रभाव।

(घ) मेरा ग्राम्य जीवन
(i) ग्राम का दृश्य
(ii) ग्राम का वातावरण
(iii) ग्राम की हरियाली
(iv) शहरों से भिन्नता
(v) उपसंहार।

4. स्वयं को 'मधुरपुर' निवासी जनार्दन मानकर अपने पिता को एक पत्र लिखिए जिसमें राजस्थान घूमने के लिए 5,000 रु० मँगवाने हेतु निवेदन किया गया हो। 5

अथवा

स्वयं को राजकीय मा. वि. 'देवपुरिया' का देवेश मानकर प्रधानाध्यापक को खेल मैदान को व्यवस्थित करवाने हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

5. क) (i) 'मनीष मधुर गाता है।' वाक्य में विशेषण शब्द लिखिए। 1
(ii) 'सुरेश धीरे-धीरे लिखता है।' वाक्य में क्रिया विशेषण बताइए। 1

ख) सरल वाक्य एवं संयुक्त वाक्य में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

ग) (i) 'घी के दिये जलाना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। $1\frac{1}{2}$
(ii) 'अन्धों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। $1\frac{1}{2}$

घ) उपमा व उत्प्रेक्षा अलंकार में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

ङ) (i) 'गणेश' के दो पर्यायवाची लिखिए। 1
(ii) 'त्याग' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1
(iii) 'गृह-ग्रह' का अर्थ लिखिए। 1

**खण्ड - ग**

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपो, जिनके मन चकरी।

क) गोपियों ने 'जोग' को कड़वी ककड़ी क्यों कहा है ? 2

ख) गोपियों ने योग संदेश किसको और क्यों देने के लिए कहा है ? 2

अथवा

पाँयनि नूपुर मंजु बजैं, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई।
साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाल सुहाई।
माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई।
जै जग-मन्दिर-दीपक सुन्दर, श्रीब्रजदूलह 'देव' सहाई।।

(क) काव्यांश में किसका वर्णन किस प्रकार किया गया है ? 2

(ख) 'साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाल सुहाई'
काव्य पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) फागुन की प्राकृतिक सुन्दरता को अपने शब्दों में लिखिए। 2

ख) उत्साह कविता हमें क्या संदेश देती है ? 2

ग) 'मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।' कवि ने ऐसा क्यों कहा ? स्पष्ट कीजिए। 2

घ) चाँदनी रात का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 2

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।

क) मधुप गुन-गुना कर क्या कहता है ? 1

ख) इस अनंत आकाश में क्या हैं ? 1

ग) अपना व्यंग्य-मलिन उपहास कौन करता है ? 1

घ) कवि किसकी दुर्बलता कहने की बात कहता है ? 1

ङ) प्रस्तुत काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है ? 1

अथवा

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम।

क) उपर्युक्त पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ? 1

ख) फागुन माह की विशेषता लिखिए। 1

ग) 'उड़ने को नभ में तुम' काव्य पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

घ) फागुन में हवा श्वास लेते समय कैसी लगती है ? 1

ङ) 'घर-घर भर देते हो।' काव्य पंक्ति में क्या भरने के लिए कहा है ? 1

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मैं नहीं जानता इस संन्यासी ने कभी सोचा था या नहीं कि उसकी मृत्यु पर कोई रोयेगा। लेकिन उस क्षण रोने वालों की कमी नहीं थी (नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है।)

इस तरह हमारे बीच से वह चला गया जो हममें से सबसे अधिक छायादार फल-फूल गंध से भरा और सबसे अलग, सबका होकर, सबसे ऊँचाई पर, मानवीय करुणा की दिव्य चमक में लहलहाता खड़ा था। जिसकी स्मृति हम सब के मन में जो उनके निकट थे किसी यज्ञ की पवित्र आग की आँच की तरह आजीवन बनी रहेगी।

क) फादर बुल्के की मृत्यु पर लोगों के शोक को गद्यांश के आधार पर लिखिए। 2

ख) फादर बुल्के को मानवीय करुणा की दिव्य चमक क्यों कहा है ? 2

अथवा

पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ। धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें। पिता जी की हर ज्यादती को अपना प्राप्य और बच्चों की हर उचित-अनुचित फ़रमाइश और ज़िद को अपना फ़र्ज समझकर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थी वे। उन्होंने ज़िंदगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं..... केवल दिया ही

दिया। हम सब भाई-बहिनों का सारा लगाव (शायद सहानुभूति से उपजा) माँ के साथ था लेकिन निहायत असहाय मजबूरी में लिपटा उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका।

क) लेखिका ने गद्यांश में माँ की क्या विशेषता बताई है ? 2

ख) माँ का त्याग लेखिका का आदर्श क्यों नहीं बन सका ? 2

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए :

क) लेखिका मन्नु भण्डारी को अपने पिता से संघर्ष क्यों करना पड़ा ? 2

ख) स्त्रियों को पढ़ाने से अनर्थ होते हैं - कुतर्क वादियों की इस दलील का खण्डन द्विवेदी जी ने कैसे किया ? 2

ग) बिस्मिल्ला खाँ नमाज के बाद किस स्वर के लिए गिड़गिड़ाते थे ? 2

घ) आग की खोज के लिए प्रेरणा क्या रही होगी ? 2

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

क) तब की शिक्षा प्रणाली और अब की शिक्षा प्रणाली में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिए। $2\frac{1}{2}$

ख) आप कैसे कह सकते हैं कि बिस्मिल्ला खाँ सच्चे इंसान थे ? $2\frac{1}{2}$

ग) मानव की जो योग्यता उससे आत्म विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है हम उसे संस्कृति कहें या असंस्कृति। कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। $2\frac{1}{2}$

## खण्ड - घ

12. देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं ? उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व है ? 4

अथवा

''दुलारी विशिष्ट कहे जाने वाले सामाजिक-सांस्कृतिक दायरे से बाहर है फिर भी अति विषिष्ट है।'' इस कथन के आधार पर दुलारी का चरित्र चित्रण कीजिए। 4

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

क) 'हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है।' आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह हो रहा है ? 2

ख) टुन्नू दुलारी को भेंट करने के लिए खद्दर की ही साड़ी क्यों लाया था ? 2

ग) 'कटाओ पर किसी भी दुकान का न होना उसके लिए वरदान है।' इस कथन के पक्ष में अपनी राय व्यक्त कीजिए। 2